बी ई एम एल

NEW FRONTIERS, NEW DREAMS

वीएसएससी-इसरो को हल्की मिश्र धातु संरचनाएं सौंपना

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत एक 'शेड्यूल ए' कंपनी है, को लॉन्च वाहन एमके - 3 (एलवीएम 3) के लिए 7 प्रकार के हल्के मिश्र धातु संरचनाओं के निर्माण और वितरण के लिए विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी), इसरो से एक ऑर्डर मिला।

श्री शान्तनु रॉय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल द्वारा आज श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (रक्षा व्यवसाय) और श्री. अनिल जेरथ, निदेशक (वित्त), बीईएमएल की उपस्थिति में वीएसएससी, इसरो को पहला स्ट्रैप ऑन बेस श्राउड (एसबीएस) संरचना सौंपा गया था।

19.09.2023 को बीईएमएल द्वारा इसरो को हल्की मिश्र धातु संरचनाएं सौंपी गई

इससे पहले, बीईएमएल के वांतरिक्ष प्रभाग ने 2018 में पीएसएलवी कार्यक्रम के लिए वीएसएससी, इसरो को निर्मित रेट्रो मोटर केसिंग की आपूर्ति की है। अब तक, बीईएमएल ने इसरो को 120 नग आरएस1 मोटर केसिंग की सफलतापूर्वक आपूर्ति की हैं। ।

इसके अलावा, बीईएमएल ने अपने बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में हल्की मिश्रधातु संरचनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक जिग्स और फिक्स्चर, मेट्रोलॉजी उपकरणों के साथ एक विशेष हैंगर स्थापित किया है।

बीईएमएल के हार्डवेयर का उपयोग भविष्य के मिशन एम7 में किए जाने की उम्मीद है।

तिथि: 19.09.2023

बीईएमएल मीडिया रिलीज